दिनांक-04जनवरी2020

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

शहरी गौठान में हो रही सब्जियों की आर्गेनिक खेती , आय के स्रोत बढ़ाने महिला स्व सहायता समूह कर रही हैं विभिन्न कार्य

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत जोन क्रमांक 1 वार्ड क्रमांक 3 नवनिर्मित बस डिपो रेलवे स्टेशन के समीप में शहरी का गौठान का निर्माण किया गया है। जहां पर गौधन के रखरखाव का पारंपरिक एवं प्रचलित व्यवस्था को बरकरार रखे जाने के हर संभव प्रयास किया गया है। पशु आहार के रूप में चारा की व्यवस्था पर्याप्त मात्रा में की गई है जिसमें बाजार क्षेत्रों में बची हुई हरी सब्जियां , पैरा,चोकर,भुसी, पैरा कुट्टी, घास आदि शामिल है तथा पेयजल के लिए अलग-अलग टंकियों का निर्माण किया गया है जिसके माध्यम से पेयजल दिया जाता है। महिला स्व सहायता समूह को सुदृढ़ बनाने के लिए मशीन उपलब्ध कराया गया है। इस मशीन से अब गोबर डालने के पश्चात गोबर की लकड़ी जोकि पर्यावरण की दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण है जिसका उपयोग कई महत्वपूर्ण कार्यों में किया जा सकता है , गोबर से निर्मित लकड़ी का विक्रय कर आय अर्जित की जा सकती है। गौठान मे लाए जाने वाले पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण पशु चिकित्सकों द्वारा किया जाता है प्रतिदिन के लिए अलग-अलग चिकित्सक नियुक्त किए गए हैं जो कि पशुओं का परीक्षण कर आवश्यकतानुसार दवाई आदि उपलब्ध कराते हैं एवं परामर्श भी देते हैं। स्व सहायता समूह की महिलाएं गौठान के समीप ही होटल का संचालन कर रही है जिसमें परंपरागत छत्तीसगढ़ी व्यंजन परोसा जा रहा है। चीला, फरा, रोटी, सब्जी, चाय, भजिया आदि व्यंजन होटल में उपलब्ध है जोकि ऑर्डर देने पर तत्काल उपलब्ध कराया जाता है।

जल है तो कल है

जल ही जीवन है!

जनसम्पर्क अधिकारी